[टेस्ट ऑफ रीडर्स]

लिखो दिल से, बनेगी 'बेस्टसेलर'

बेस्टसेलर बुक होने का कोई स्केल नहीं, रीडर को क्या पसंद आएगा यह पहले से नहीं कहा जा सकता। फ्रंट लॉन में हुए सेशन 'टॉप ऑफ द पॉप्सः डिकंस्ट्रक्टिंग बेस्ट सेलर्स' में राइटर अमीश त्रिपाठी और अश्विन सांघी ने अमृता त्रिपाठी के साथ 'बुक्स और रीडर्स को क्या चाहिए' पर विस्तार से बात की। अमीश का कहना था कि स्टोरी लिखते समय पूरी तरह से ईमानदार रहना चाहिए, दूसरे क्या चाहते हैं यह ध्यान में रखकर नहीं लिखना चाहिए। बुक का बेस्ट सेलर होना इसी पर निर्भर करता है। बुक की प्रॉपर मार्केटिंग दूसरा पक्ष कहा जा सकता है। वहीं अश्विन ने इस विषय पर मजाक में कहा कि जितनी बार बुक रिजेक्ट होती है शायद उतने उसके बेस्ट सेलर होने के चांसेज बढ़ जाते हैं, जैसा मेरे साथ हुआ। उनका कहना था कि मेरी रीडिंग हैबिट की वजह से भी मैं रीडर्स से कनेक्ट हो पाता हूं। मार्केटिंग की बात की जाए, तो मैं कोशिश करता हूं कि फेसबुक, ट्विटर और मेल के जरिए उनसे कनेक्ट रहूं। सेशन में सलमान रुश्दी के मामले पर भी चर्चा हुई। दोनों राइटर्स का मानना था कि यह गलत हो रहा है। वहीं, सेशन के दौरान एक बिल्ली भी स्टेज पर चढ़ने लगी। उसे सिक्योरिटी गार्ड्स ने हटाया। इस पर अश्विन ने चुटकी लेते हुए कहा, पता नहीं था कैट्स भी फॉलो करती हैं।